पाठय क्रम
विषय - हिंदी **(002)**
कक्षा- नवमी
सत्र **-2025-26**

पाठ्य पुस्तक

1. क्षितिज भाग-1
2. कृतिका भाग-1
3. सरस्वती व्याकरण

| महीना | विषयवस्तु | पठन कौशल/ •संचार कौशल(भाषायी प्रवाहमयता और आत्मविश्वास,रचनात्मकता, शब्दावली उच्चारण •संज्ञानात्मक एवं शैक्षिक कौशल(विश्लेषण,स्मरण और अवधारण | लेखन कौशल/ •संचार कौशल( व्याकरणिक वृद्धि वाक्य संरचना, रचनात्मकता, स्पष्ट अभिव्यक्ति •संज्ञानात्मक एवं शैक्षिक कौशल( स्मरण और अवधारण) •जीवन कौशल( समस्या निवारण ) | वाचन कौशल/ •संचार कौशल(वाक्य संरचना, रचनात्मकता •संज्ञानात्मक एवं शैक्षिक कौशल(रचनात्मकता,वर्तनी कौशल) •सामाजिक और भावनात्मक कौशल(बोधात्मक अभिव्यक्ति, समानुभूति,सहयोग की भावना) •सांस्कृतिक जागरूकता(साहित्य सराहना,भाषा संवेदनशीलता, वैश्विक दृष्टिकोण) •जीवन कौशल(प्रभावी संचार,जनसंचार वक्तव्य ,समस्या निवारण) | व्याकरण | सम्मुख क्रिया कलाप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | दो बैलों की कथा<br><u>शिक्षण संप्राप्ति--</u><br>• छात्र प्रेमचंद जी की अद्भुत रचनाओं के नाम बताएंगे।<br>• हिंदी साहित्य में प्रेमचंद जी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।<br>• प्रेमचंद जी की कहानियों से मिलने वाली शिक्षाओं का वर्णन करने में सक्षम होंगे।<br>• करुणा, सहानुभूति और पशुप्रेम जैसे भावों की पहचान कर सकेंगे। | कथा का प्रभावशाली ढंग से पठन | संवाद लेखन<br><br>अनुच्छेद लेखन | मुंशी प्रेमचंद जी की जीवन तथा साहित्यिक यात्रा का वर्णन करने में सक्षम होंगे। | वाक्य भेद<br>शिक्षण संप्रप्ति--<br>• छात्र वाक्य भेदों के महत्व से अवगत होंगे तथा भेदों के द्वारा वाक्य निर्माण एवं वाक्य परिवर्तन प्रक्रिया का वर्णन करने में समर्थ होंगे।<br>• छात्र वाक्य के भेदों में अंतर | छात्र मुंशी प्रेमचंद जी का जीवन परिचय लिखेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्पष्ट कर पाएँगे।<br>● छात्र अपने विचारों को स्पष्ट वाक्यों में व्यक्त कर सकेंगे। | |
| मई | ल्हासा की ओर<br>शिक्षण संप्राप्ति--<br>● छात्र गद्य की विधा 'यात्रा वृतांत' लेखन में दक्ष होंगे।<br>● छात्र तिब्बत तथा भारत की सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में अंतर सपष्ट करेंगे।<br>● छात्र अपने अनुभवों को लेखन रूप में व्यक्त करने में समर्थ होंगे।<br><br>कबीर की साखियां और सबद (कविता)<br>● छात्र कविता का भाव ग्रहण कर कविता से सम्बन्धित कार्य को हल करेंगे।<br>● छात्र कबीर के दोहों का हिंदी में अनुवाद करने पारंगत होंगे।<br>● छात्र कबीर दास जी की भाषा एवं शिक्षा की विशेषताएं बताने योग्य होंगे।<br>● छात्र नई भाषा के शब्दों के प्रयोग में सक्षम होंगे। | पाठ का विश्लेषणात्मक अध्ययन<br><br>साखियों का लय बद्धता से पठन | लघु कथा लेखन<br><br>ई-मेल लेखन<br><br>पत्र लेखन | 'पूर्व में अपने द्वारा की गई किसी यात्रा' पर वाचन<br><br>छात्र कक्षा में समूहों में दोहों का लयबद्धता से वाचन करेंगे। | समास<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>● छात्र समासिक पदों का विग्रह कर समस्त पदों के स्वरूपों का वर्णन करेंगे।<br>● छात्र समास से सम्बन्धित शब्द निर्माण प्रक्रिया का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।<br>● छात्र संक्षिप्त शब्दों की रचना द्वारा भाषा के सौंदर्य और प्रभाव का वर्णन करेंगे। | शैक्षिक भ्रमण।<br><br>छात्र समास आधारित चार्ट का निर्माण करेंगे।<br><br>कबीर दास जी द्वारा रचित अन्य दोहों का कक्षा में वाचन करेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जून | सवैये<br>शिक्षण संप्राप्ति--<br>• छात्र विभिन्न प्रकार की पद्य विधाओं के विषय में जानकर उनमें अंतर स्पष्ट कर पाएँगे।<br>• छात्र पाठ का अर्थ ग्रहण कर प्रश्न निर्माण कर पाने में दक्ष होंगे।<br>• छात्र सवैयों का अनुवाद करेंगे ।<br>इस जल प्रलय में<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>• छात्र गद्य की शैली रिपोतार्ज लिखेंगे।<br>• छात्र जल संचय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।<br>• छात्र आपदा प्रबंधन किट का निर्माण कर पाएँगे<br>ग्राम श्री<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>• छात्र गाँव के वातावरण का वर्णन करेंगे।<br>• छात्र ग्रामीण और शहरी जीवन में अंतर स्पष्ट कर पाएँगे<br>• छात्र प्रकृति के विभिन्न रूपों का तुलनात्मक अध्ययन कर पाएँगे। | सवैये का लयबद्धता के साथ पठन<br><br>पाठ का विश्लेषणात्मक पठन | पत्र लेखन<br><br>ई-मेल लेखन | छात्र श्री कृष्ण जी के जीवन से जुड़ी किसी कथा का वाचन करेंगे।<br><br>छात्र ग्रामीण तथा शहरी जीवन की तुलना करते हुए वाचन करेंगे। | अलंकार शिक्षण संप्राप्ति-<br>• छात्र अलंकार के भेदों के अनुरूप वाक्य निर्माण में दक्ष होंगे।<br>• छात्र अलंकार के उदाहरणों के निर्माण करने में पारंगत होंगे।<br>• काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान करने में सक्षम होंगे। | 40 के दशक के गांव और आज के गांव में अंतर स्पष्ट करते हुए चित्र निर्माण तथा वाचन।<br><br>छात्र समूहों में आपदा प्रबंधन किट का निर्माण करेंगे।<br><br>छात्र प्रकृति पर आधारित स्वरचित कविता लेखन व वाचन करेंगे। |
| जुलाई | उपभोक्तावाद की संस्कृति<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>• छात्र 'उपभोक्तावाद' शब्द को परिभाषित कर सकेंगे।<br>• छात्र विज्ञापनों के दुष्प्रभावों पर चर्चा कर पाएँगे।<br>• छात्र विज्ञापन निर्माण करने में समर्थ होंगे।<br>मेरे बचपन के दिन<br>शिक्षण संप्राप्ति<br>• छात्र अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कक्षा में वर्णन करेंगे।<br>• छात्र बचपन के दिनों में तथा वर्तमान दिनों में अंतर स्पष्ट करेंगे।<br>• छात्र चित्रों की सहायता से कथा निर्माण की कला से भिज्ञ होंगे। | पाठ का पठन | सूचना लेखन | छात्र अपने बचपन की यादों को ताजा करते हुए अपनी किसी अविस्मरणीय याद का वर्णन करेंगे। | | छात्र विज्ञापन निर्माण करेंगे।<br><br>छात्र चित्रों के माध्यम से कहानी के मुख्य बिंदुओं का वर्णन कर लेखन कार्य करेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगस्त-सितंबर | कैदी और कोकिला<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>● छात्र कविता का भाव ग्रहण कर कविता के अन्य पहलुओं पर चर्चा करेंगे।<br>● छात्र स्वतंत्रता सेनानियों एवं कवियों के संघर्ष की कहानी का वर्णन करेंगे।<br>● छात्र स्वतंत्रता तथा परतंत्रता के भाव में अंतर स्पष्ट करेंगे।<br>मेरे संग की औरतें<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>● पाठ का विश्लेषणात्मक अध्ययन कर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।<br>● वर्तमान तथा प्राचीन समय में नारी की भूमिका की तुलना करेंगे।<br>● छात्र भारतीय समाज में नारी की स्थिति पर चिंतन कर अपने विचार अभिव्यक्त करेंगे।<br>मेघ आए<br>शिक्षण संप्राप्ति<br>● छात्र कविता के सस्वर वाचन में सक्षम होंगे।<br>● बादलों के आने पर प्रकृति में क्या परिवर्तन आता है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।<br>● छात्र गीतों द्वारा मेघों की सुंदरता का वर्णन करेंगे। | कविता का लयबद्धता से पठन<br><br>पाठ का विश्लेषणात्मक पठन<br><br>कविता का सस्वर वाचन | स्वरचित कविता लेखन<br><br>पत्र लेखन | आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाली किसी एक महिला के जीवन पर वाचन।<br><br>छात्र आजादी की लड़ाई में महिलाओं की भूमिका पर वाचन करेंगे। | उपसर्ग एवं प्रत्यय<br>शिक्षण संप्राप्ति--<br>● उपसर्ग एवं प्रत्यय को परिभाषित करेंगे।<br>● उपसर्ग एवं प्रत्यय का प्रयोग कर शब्द निर्माण करेंगे।<br>● शब्दों में से उपसर्ग एवं प्रत्यय शब्दों को ढूंढ कर अलग करेंगे।<br>● छात्र उपसर्ग तथा प्रत्ययों पर आधारित अधिगम चक्र निर्माण करेंगे। | उपसर्ग एवं प्रत्यय पर आधारित अधिगम चक्र का निर्माण करेंगे।<br><br>आज़ादी की लड़ाई में भाग लेने वाली किन्हीं दो महिलाओं के जीवन पर चित्र सहित लेखन।<br><br>छात्र मेघ विषय पर समूह गान प्रस्तुत करेंगे। |
| अक्तूबर | सांवले सपनों की याद<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>● छात्र संस्मरण लेखन में पारंगत होंगे।<br>● छात्र अपनी किसी पुरानी याद का क्रमबद्ध रूप से वर्णन करेंगे।<br>वाख<br>शिक्षण संप्राप्ति--<br>● छात्रा वाखों का हिंदी अनुवाद करने में समर्थ होंगे।<br>● छात्र वाखों का लयबद्ध वाचन करेंगे।<br>● छात्र स्वयं को अध्यात्म से जोड़ेंगे। | पाठ का विश्लेषणात्मक अध्ययन<br><br>वाखों का सस्वर पठन | लघु कथा लेखन<br><br>अनुच्छेद लेखन | छात्र सालिम अली जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करेंगे।<br><br>छात्र विश्वास तथा अंधविश्वास पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। | | सालिम अली जी पर आधारित एनसीईआरटी का श्रव्य कार्यक्रम सुनेंगे तथा वर्णन करेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नवंबर | बच्चे काम पर जा रहे हैं<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>• बाल शोषण पर जागरूक होकर उसके विरोध में अपनी राय व्यक्त करेंगे।<br>• छात्र भाषण की कला में दक्ष होंगे।<br>• छात्र एक व्यापक दृष्टिकोण स्थापित करेंगे।<br><br>प्रेमचंद के फटे जूते<br>शिक्षण संप्राप्ति<br>• छात्र प्रेमचंद जी के व्यक्तित्व का वर्णन करेंगे।<br>• छात्र सादा जीवन एवं उच्च विचार रखने हेतु प्रेरित होंगे।<br>• छात्र दिखावे की प्रवृत्ति से होने वाले नुकसान पर चर्चा करेंगे। | कविता का लयबद्धता से पठन<br><br>पाठ का गहनता से पठन | संवाद लेखन<br><br>लघु कथा लेखन | छात्र बाल श्रम पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।<br><br>छात्र सादा जीवन उच्च विचार विषय पर भाषण प्रस्तुत करेंगे। | | छात्र‘ बाल श्रम’ विषय पर भाषण प्रस्तुत करेंगे।<br><br>छात्र कक्षा में व्यंग्यात्मक कहानी का वाचन करेंगे। |
| दिसंबर | रीड की हड्डी<br>शिक्षण संप्राप्ति-<br>• छात्र लिंगभेद पर होने वाले भेदभाव के खिलाफ अपनी आवाज उठाएंगे।<br>• छात्र समाज में नारी तथा पुरुष की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करने में सक्षम होंगे।<br>• छात्र भूमिका निर्वहन में दक्ष होंगे। | कथा का प्रभावशाली ढंग से पठन | पत्र लेखन<br><br>संवाद लेखन | छात्र समाज में नारी तथा पुरुष की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। | | छात्र समूह में भूमिका निर्वहन करेंगे। |

मूल्यांकन**---**

- पठन, वाचन, लेखन एवं श्रवण
- उत्तर पुस्तिका रखरखाव
- सावधिक परीक्षा
- पोर्टफोलियो
- विषय संवर्धन
- कक्षा परीक्षा